हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 20 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 39 .8 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री

13 3 साल पुरानी समस्या का एसडीएम ने किया समाधान

14 रोडवेज कर्मचारियों के चक्का जाम का रहा असर


## खबर संक्षेप

### योग दिवस पर कार्तिकेय शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

**नारनौंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम नारनौंद के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 21 जून को आयोजित किया जाएगा। आयुष विभाग हिसार के डॉ राममेहर मलिक और डॉ तनुजा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी विकास यादव करेंगे और राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मैं शिरकत करके लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे।

### लूट मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू किया

**हांसी।** जिला भर में उद्घघोषित अपराधी व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ हांसी पुलिस ने लूट मामले में उद्घघोषित आरोपी लाल सड़क निवासी चीकी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय द्वारा शहर थाना हांसी में दर्ज चोरी के एक मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### पुलिस ने एमटीपी किट सप्लायर पकड़ा

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने एमटीपी किट सप्लाई करने वाले असल सप्लायर हिसार के सैनियान मौहल्ला निवासी नितिन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले हिसार की फतेह नगर कालोनी निवासी सुनील को 6 एमटीपी किट सप्लाई की थी। पुलिस ने आरोपी सुनील को एमटीपी किट के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शहर थाना हांसी में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी नितिन को गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने अवैध हथियार सप्लायर चारकुतुब गेट निवासी राहुल को किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी ने चारकुतुब गेट निवासी समीर को एक अवैध हथियार देशी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस सप्लाई किया था। अवैध हथियार सप्लाई करने के आरोप में आरोपी राहुल के खिलाफ शहर थाना हांसी में मामला दर्ज किया गया था। सीआईए स्टाफ हांसी ने दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### नगर निगम ने शहर से 20 पशुओं को पकड़ा

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन का बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा गुरुवार को जवाहर नगर, लाजपत नगर, सेक्टर-13 के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 20 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### सामाजिक बहिष्कार के प्रकरण में प्रदर्शन आज

**हांसी।** भाटला के सामाजिक बहिष्कार के पीड़ित मीर को हांसी के रेस्ट हाउस के सामने जाट धर्मशाला में सामाजिक बहिष्कार के कुछ आरोपियों ने टांग काटने की धमकी दिए जाने मामले में पुलिस द्वारा अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। यह जानकारी देते हुए दलित अधिकार कार्यकर्ता अधिवक्ता रजत कलसन ने बताया कि मीर को धमकी देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाटला के दलित पीड़ित व आसपास के क्षेत्रों से दलित संगठन व दलित समाज के लोग हांसी लघु सचिवालय में पुलिस की दलित विरोधी कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

# तेज हुआ आंदोलन, 10 छात्र-छात्राओं ने की भूख हड़ताल

## छात्र बोले- सरकार से संवाद को तैयार, अब कृषि या शिक्षा मंत्री की सदस्यता वाली कमेटी से ही होगी वार्ता

### मांगों को लेकर हकृवि में छात्रों का आंदोलन 10वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप नीति में बदलाव और छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में छात्र आंदोलन गुरुवार को 10वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान आंदोलनरत 10 विद्यार्थी सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे। इनमें छात्र विजेन्द्र, निखिल, सुधांशु, जितेन्द्र, मोहित, दीप्ति, कीर्ति, तमन्ना, ज्योति व खुशबु शामिल थी। इस दौरान भूख हड़ताल पर बैठे विद्यार्थियों के साथ विधायक जस्सी पेटवाड़ भी मौजूद रहे। छात्र आंदोलन को समर्थन देने का सिलसिला लगातार जारी है। धरने को इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, चुरू से कांग्रेस सांसद राहुल कस्वा, पूर्व विधायक राव दान सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। धरनास्थल पर छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त प्रदर्शन के साथ अपने संकल्प को दोहराया कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, यह संघर्ष जारी रहेगा। उधर, आंदोलनकारी छात्रों ने कहा कि वे सरकार से संवाद के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन यह वार्ता तभी सार्थक और विश्वसनीय होगी जब वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की एक गठित और निष्पक्ष समिति बनाई जाए, जिसमें कृषि मंत्री एवं शिक्षा मंत्री की अनिवार्य भागीदारी हो। इससे बातचीत में गंभीरता, पारदर्शिता और विश्वास बना रहेगा। छात्रों की साफ मांग है कि समिति में उच्च स्तर के प्रतिनिधि हों, ताकि संवाद केवल औपचारिकता न होकर समाधान की दिशा में ठोस कदम बन सके।

### जब तक न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा : छात्र


हिसार। छात्र आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

### कश्मीर विवि में प्रदर्शन

धरने पर बैठे छात्रों ने दावा किया कि उनके आंदोलन को कश्मीर से कन्याकुमारी तक छात्रों का समर्थन मिल रहा है। कश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर के छात्रों ने एचएयू के आंदोलनरत छात्रों के पक्ष में प्रदर्शन किया। कश्मीर घाटी से आए उनके संदेश में उन्होंने कहा कि हम देश के हर कोने से एकजुट हैं। अगर एक भी छात्र के साथ अन्याय होता है, तो पूरा छात्र समुदाय चुप नहीं बैठेगा। छात्रों ने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और छात्रों की जायज़ मांगों को स्वीकार करना चाहिए, नहीं तो आने वाले दिनों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक देशव्यापी प्रदर्शन होंगे।

### राज्यपाल व सीएम से बात करेंगे : अभय चौटाला

धरने को समर्थन देने पहुंचे इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जब जरूरत होगी हम आपके बीच मौजूद मिलेंगे। संघर्ष आप करो, लाठियां खाने को हम तैयार हैं। उन्होंने छात्रों की सभी मांगों को न्यायोचित बताया और कहा कि यह केवल आंदोलन नहीं, युवाओं के भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे गवर्नर और मुख्यमंत्री से बात करेंगे। साथ ही आने वाली विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से जोरदार ढंग से उठाएंगे और बीजेपी सरकार को छात्रों की स्कॉलरशिप को दोबारा शुरू करने और वीसी समेत चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर और प्रोफेसर को बर्खास्त करने पर मजबूर कर देंगे।

### छात्रों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग

*रोडवेज यूनियन के पूर्व अध्यक्ष दलबीर किरमारा, भाकियू के राज्याध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा, जिलाध्यक्ष नरेश भयान, सीटू से मनोज कुमार, एचएयू बचाओ संघर्ष समिति से डॉ. करतार सिंहआदि नेताओं ने छात्रों के हक की आवाज को बुलंद करते हुए प्रशासन से मांग की कि छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। सभी ने एक स्वर में कहा कि छात्रों की जायज मांगों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और भी व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। उधर, भीम आर्मी के प्रमुख और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने वीडियो कॉल के माध्यम से छात्रों को संबोधित किया।*

### संयुक्त किसान मोर्चा एसपी से मिला

*संयुक्त किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से मिला और एचएयू के आरोपी कर्मचारियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मोर्चा ने जानबूझकर आरोपी यूनिवर्सिटी कर्मचारियों पर धारा कमजोर करने का आरोप लगाया। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि अगर आरोपी यूनिवर्सिटी कर्मचारियों तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार नहीं किया तो किसान 24 तारीख की छात्र न्याय महापंचायत के बाद बड़ा फैसला का एलान किया और धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर अनावश्यक दबाव व यूनिवर्सिटी में पुलिस कर्मियों को जबरदस्ती छात्रों को पेपर देने यूनिवर्सिटी में डर का माहौल पैदा न करने को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा, से शमशेर नम्बरदार, करतार सिवाच, सरदानन्द राजली, राजीव मलिक, दलबीर किरमारा, कुलदीप खरड़, दिलबाग हुड्डा, अनिल गोरछी, सुरेन्द्र मान, जसवीर सूरा, जोगिंदर मय्यड़, दशरथ मलिक, सुबेसिंह बूरा, बलराज मलिक, मनोज सोनी, जगबीर माजरा शामिल रहे।*

## आंदोलन की कमान छात्रों के नहीं बाहरी तत्वों के हाथों में : हकृवि

- शांतिपूर्वक हुई परीक्षाएं 159 ने दिया पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक एवं कोर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि गुरुवार को 159 विद्यार्थियों ने अपनी परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अब अपने मूल स्वरूप से भटक चुका है। पहले यह छात्रों की समस्याओं से जुड़ा आंदोलन था, किंतु अब यह विपक्षी दलों एवं बाहरी संगठनों के प्रभाव में संचालित हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने गहन जांच के बाद यह पाया है कि अब आंदोलन की कमान छात्रों के हाथ में न होकर कुछ ऐसे बाहरी तत्वों के हाथों में चली गई है, जिनका उद्देश्य केवल राजनीतिक लाभ प्राप्त करना है। ये लोग पूर्व के कई अन्य आंदोलनों में भी इसी प्रकार की भूमिका निभाते रहे हैं और अब विश्वविद्यालय के माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने छात्रों द्वारा उठाई गई मांगों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ विचार करने उपरांत उनका समाधान किया है। छात्रों द्वारा जिन आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही थी, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और आरोपी की गिरफ्तारी भी कर ली गई है। यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की सुरक्षा और न्याय के प्रति प्रतिबद्ध है।

*पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी*

## नशे के लिए रुपयों को लेकर हुए विवाद में दोस्त ने की थी हत्या

- अनाज मंडी की एक खाली दुकान के समीप खंडहर मिला था युवक का शव
- पुलिस ने हत्या के मामले में कृष्णा कॉलोनी निवासी जगदीश को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

अनाज मंडी की एक खाली दुकान के समीप खंडहर मिले गंजा बाग निवासी रोहित के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कृष्णा कालोनी निवासी जगदीश के रूप में हुई है। यह हत्या न करने के दौरान रुपये के लेन देन को लेकर की गई थी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अनाज मंडी की एक दुकान के खंडहर में 27 मई को गंजा बाग निवासी रोहित का शव मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान मिले थे। जांच में सामने आया कि दोस्त ने की थी। जांच के दौरान पुलिस ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया। फुटेज में 26 मई को रोहित आरोपी जगदीश की मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो पूरे मामले से पर्दा उठ गया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### नशा, झगड़ा और मर्डर

पुलिस पूछताछ में आरोपी जगदीश ने बताया कि वह रोहित के साथ बैठकर नशा कर रहा था। नशा करने के दौरान रुपयों को लेकर दोनों के बीच में कहासुनी हो गई। इससे उसने गुस्से में आकर रोहित को धक्का दे दिया और उसके धक्का दिए जाने पर रोहित जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद मैंने रोहित की जेब से उसका मोबाइल और रुपये निकाल लिए और उसे वहीं छोड़ चला आया। जगदीश ने बताया कि उसे नहीं पता था कि उसके धक्का दिए जाने पर रोहित की मौत हो गई थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी जगदीश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### विकास यादव ने नारनौंद एसडीएम की कुर्सी संभाली स्टाफ ने किया स्वागत

**नारनौंद।** एसडीएम विकास यादव ने उप मंडल अधिकारी का पद ग्रहण करते ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह जनता की शिकायतों का प्राथमिकता से निपटारा करें। 3 दिन पहले ही नारनौंद के तत्कालीन एसडीएम मोहित मेहराना का तबादला कालांवाली हो गया था उनकी जगह पर एचसीएस अधिकारी विकास यादव को एसडीएम लगाया गया है। इससे पहले भी वे नारनौंद में एसडीएम रह चुके हैं। उनके पहुंचने पर नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार ने पूरे स्टाफ सहित उनको गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। एसडीएम विकास यादव ने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर आने वाली शिकायतों का निपटारा करें और ईमानदारी के साथ अपना कार्य करें।

## खांडाखेड़ी के पहलवान सचिन सिंधु ने जीता ब्रॉन्ज मेडल, गांव में जोरदार स्वागत

- कजाकिस्तान में आयोजित ग्रेपलिंग कुश्ती वर्ल्ड कप में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के गांव खांडाखेडी के पहलवान ने कजाकिस्तान में आयोजित ग्रेपलिंग कुश्ती वर्ल्ड कप में ब्रोंज मेडल जीतकर इतिहास रचा है। गांव में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। खांडाखेड़ी निवासी सचिन सिंधु बचपन से ही पहलवानों को देखकर कुश्ती करता था। उसका सपना था कि एक दिन देश के लिए मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन करें।

सचिन ने पढ़ाई के साथ-साथ पहलवानी करनी शुरू कर दी और कुश्ती के दाव पेंच सीखकर कॉलेज में पहलवानों को चित करना शुरू कर दिया। सचिन रोहतक के जाट कॉलेज में बीएससी सेकंड ईयर का छात्र हैं। उसके बाद उसने अनेक प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने का काम किया। ग्रेपलिंग कुश्ती वर्ल्ड कप हाल ही में कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। इसमें भारत की तरफ से 130 किलोग्राम वर्ग में सचिन सिंधु ने कजाकिस्तान के पहलवान को हराकर ब्रोंज मेडल जीता। गांव में पहुंचने पर उनका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। गांव के सरपंच बलजीत सिंह, भाजपा नेता सोनू सैनी ने बताया बताया कि सचिन सिंधु ने ब्रोंज मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है और आज पूरे गांव को उन पर गर्व है।


नारनौंद। सचिन सिंधु का गांव में पहुंचने पर स्वागत करते ग्रामीण।

### समाधान शिविर में नगराधीश ने सुनी जनता की समस्याएं, दिए निर्देश

## अवैध कॉलोनियों और बस स्टैंड के पास बन रही नई बिल्डिंग के निर्माण की जांच करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगराधीश हरिराम व एसडीएम ज्योति मित्तल ने लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान किया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान पूर्ण संवेदनशीलता और तत्परता के साथ करें, ताकि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो सकें। गांव खरकड़ा निवासी राकेश की सातरोड खुर्द में अवैध कॉलोनी काटने की शिकायत पर नगराधीश हरिराम ने जिला नगर योजनाकार को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। ऋषि नगर निवासी राजेश की बस स्टैंड के नजदीक बन रही इमारत के नवनिर्माण के दौरान अनियमितता की शिकायत पर नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पहुंचे गांव मिंगनी खेड़ा निवासी प्रदीप कुमार की अपने आप फैमिली आईडी अलग होने की शिकायत पर नगराधीश हरिराम ने क्रीड विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आईडी में आई त्रुटि को दूर करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव सिवानी बोलान निवासी सुरेश व चांदी राम की गली में पानी निकासी का समाधान व पूर्ण चकबंदी करवाने की शिकायत पर नगराधीश ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा जिला राजस्व अधिकारी को शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते नगराधीश हरिराम व एसडीएम ज्योति मित्तल। फोटो :हरिभूमि

### नारनौंद में अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

***नारनौंद।*** *जिला योजनाकार विभाग की टीम ने नारनौंद के हांसी सड़क मार्ग पर पीला पंजा चलाकर एक अवैध कॉलोनी में बनी सड़कों को तोड़ा। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह को तैनात किया गया था। साथ ही भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था। विभाग के डीटीपी ओर जेई हरिमोहन ने बताया कि अवैध कॉलोनियों को तोड़ने के सिलसिले में गुरुवार को नारनौंद की हांसी रोड पर बनी एक अवैध कालोनी में जेसीबी की सहायता से वहां पर बनी सड़कों ओर मकानों को तोड़ा गया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। नगर योजना विभाग के डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि एक कॉलोनी को तोड़ा गया है। भविष्य में भी अवैध कॉलोनी को तोड़ने का अभियान जारी रहेगा।*

## सावित्री जिंदल के प्रयासों से जलघर परियोजना मंजूर

- सेक्टर-14 पार्ट-2 और 33 पी के लिए एक बड़ी उपलब्धि
- जलघर के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सेक्टर 14 पार्ट 2 और 33पी के निवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित जलघर परियोजना को औपचारिक मंजूरी मिल गई है। यह परियोजना, जो पीने के पानी की आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य से है, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के शुरूआत के साथ अपने कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाएगी। यह उपलब्धि मुख्य रूप से विधायक सावित्री जिंदल के निरंतर प्रयासों के कारण संभव हो सकी है जिनकी समाज कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता इस परियोजना को वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण रही है। जलघर परियोजना का क्रियान्वयन जिंदल के मेनीफेस्टो का अभिन्न अंग थी। इससे स्थानीय जनता के लिए निरंतर और पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का वादा पूर्ण होगा। इस योजना को स्वीकृति मिलने पर सावित्री जिंदल ने कहा कि हिसार के 14 व 33 सेक्टर के निवासियों को बेहतर जीवन परिस्थितियों का अनुभव होने वाला है जो सामुदायिक पहल के प्रभाव को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी जिससे परियोजना के त्वरित कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा।


सावित्री जिंदल





स्वास्थ्य
युविका धर योग प्रशिक्षक

बच्चो, अगर तुम्हें फिजिकली-मेंटली फिट एंड हेल्दी रहना है तो अपने डेली रूटीन में योगाभ्यास को जरूर शामिल करो। योगासन, बॉडी पोश्चर को सुधारने के साथ-साथ हमें टेंशनफ्री और रिलैक्स रखते हैं। यहां हम तुम्हारे लिए कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम आसानी से कर सकते हो, ये बहुत प्रभावी भी हैं।

# ये योगासन तुम्हें रखेंगे फिट एंड हेल्दी



### सुखासन

**इसे करने** के लिए अपने पैरों को क्रॉस करके और पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाओ। अपने हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखो। अब आंखें बंद करके धीरे-धीरे गहरी सांस लो और धीरे-धीरे छोड़ो।


**लाभ:** सुखासन करने से एकाग्रता यानी कंसंट्रेशन बढ़ाने में मदद मिलती है। तुम जो भी काम करते हो वह जल्दी और बहुत अच्छे से हो जाता है। *

### बद्धकोणासन

**इसे बाउंड** एंगल पोज या तितली मुद्रा भी कहा जाता है। बच्चो, इस आसन को तुम आराम से कर सकते हो। इसे करने में तुम्हें मजा भी आएगा। बद्धकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ सीधी और पैरों को चौड़ा करके बैठ जाओ। अब पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे के सामने रखकर पैरों से तितली की तरह फ्लाइंग मूवमेंट करो।



**लाभ:** इस आसन को करने से डाइजेशन सही रहता है। अगर पीठ का दर्द है तो इससे राहत मिलती है और मूड भी अच्छा बना रहता है। *



### मार्जरी आसन (बिल्ली मुद्रा)

**मार्जरी आसन** करने के लिए अपनी कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही पोजिशन में रखते हुए, अपने हाथों और घुटनों के बल टिक कर अपनी पीठ को झुकाओ और एक बिल्ली की तरह पोज बनाओ फिर 30 सेकेंड तक इसी पोजिशन में रुको। बच्चो, इस योग को करने में तुम्हें बहुत मजा भी आएगा।

**लाभ:** इस मजेदार आसन को करने से तुम्हारी पीठ की मसल्स मजबूत बनेंगी। साथ ही इससे तुम्हारा पोश्चर भी सुधार रहेगा, तुम स्मार्ट दिखोगे। *



### वृक्षासन

**इस आसन** को करने के लिए अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाओ। अपना वजन एक पैर पर डालो और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दो। अपनी हथेली को आपस में एक साथ मिलाकर इसे दबाते हुए अपने सिर के ऊपर उठाओ। कुछ समय तक इसी पोजिशन में रुको फिर सामान्य हो जाओ।

**लाभ:** वृक्षासन से शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हमारा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। *



### वीरभद्रासन

**इस आसन** को 'वॉरियर पोज' यानी 'योद्धा मुद्रा' भी कहते हैं। वीरभद्रासन करने के लिए एक पैर को आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाने वाली मुद्रा में रखते हो और सामने वाले घुटने को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ो। अपने पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री के कोण पर सीधा रखो। सांस बाहर छोड़ो और कुछ देर तक रोक कर रखो। इस आसन को करते हुए तुम अपने आप को स्ट्रॉन्ग और बैलेंस्ड फील करो।

**लाभ:** यह आसन तुम्हें भीतर से मजबूत बनाएगा। इसे करने से तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ने पर तुम कभी किसी काम के लिए ना नहीं कहोगे, तुम्हारी छवि एक योग्य व्यक्ति के रूप में बनेगी। *



### उत्कटासन

**इस आसन** को चेयर पोज भी कहा जाता है। उत्कटासन करने के लिए अपनी भुजाओं को सिर के ऊपर उठाओ, गहरी सांस लो और अपने घुटनों को आगे लाओ। अपनी जांघों को जमीन के समानांतर रखो। एक मिनट तक इसी पोजिशन में रुको फिर धीरे-धीरे पहले जैसी स्थिति में आ जाओ।

**लाभ:** उत्कटासन करने से तुम्हारे पैर की मसल्स मजबूत बनेंगी। तुम्हारी बैलेंसिंग केपेसिटी बढ़ेगी। साथ ही तुम्हारी मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहेगी। *

प्रस्तुति: शिखर चंद जैन

# नियमित करो योग रहो स्वस्थ-निरोग

हर कोई शरीर और मन से स्वस्थ, निरोग रहना चाहता है। इसके लिए हमें योग जरूर करना चाहिए। योग का हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चो, जानो योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं।



सलाह
राकेश चक्र

योग का जन्मदाता अपना देश भारत है। योग भारत में तो लोकप्रिय है, आज इसे विश्व के अन्य देशों में भी अपनाया जा रहा है। योग हमारे तन-मन दोनों को ही स्वस्थ रखने का बहुत प्रभावी माध्यम है। इसलिए हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के क्या-क्या लाभ हैं, इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, जानो।

**स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी:** नियमित योग करने से हम स्फूर्तिवान बनते हैं। शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हमारा शरीर निरोगी रहता है।



**बढ़ती है कार्यक्षमता:** चूंकि योग से हम स्वस्थ रहते हैं, इसलिए हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे मन एकाग्रचित्त रहता है, याददाश्त बढ़ती है, बुद्धि तेज होती है। इस कारण हम अपने सभी काम जल्दी और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। योग हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। यह हमें शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**बढ़ता है आत्मविश्वास:** योग हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक रहता है। अगर इसे नियमित किया जाए तो इससे हमारा आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस बढ़ता है। बच्चो, हमारा कॉन्फिडेंस मुश्किल से मुश्किल काम को आसानी से करने का हौसला देता है। हम अपना काम सही ढंग से करने में सफल होते हैं।

**प्रकृति से जोड़ता है:** प्रायः योग किसी खुले स्थल जैसे पार्क आदि में किया जाता है, इसलिए इसे करने के दौरान हम प्रकृति के करीब आते हैं। योग की विभिन्न मुद्राएं, जैसे- हंस मुद्रा (हंस की तरह मुद्रा), वृक्षासन (पेड़ की तरह स्थिर कद), सिंहासन (शेर की तरह), मंडूकासन (मेंढक की तरह) आदि ऐसे आसन हैं, जो हमें प्रकृति को समझने का अवसर देते हैं, हमें प्रकृति से जोड़ते हैं। ये आसन पशु-पक्षियों एवं प्रकृति से ही सीख कर, प्रेरित होकर हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाए गए हैं।

**दूर होती है हीन भावना:** जब लोग किसी दूसरे से खुद की तुलना करते हैं तो कई बार उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। इस तरह की हीन भावना उनकी सफलता में बाधक बनती है। योग हमें हीन भावना जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रखता है। योग हमें खुद को बेहतर बनाने और बिना किसी से तुलना किए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में मदद करता है। योग आलस्य से दूर रखकर हमें परिश्रमी और जागरूक बनाता है।

बच्चो, इन सबके अलावा भी योग के अनेक फायदे हैं, जो तुम योग करते-करते खुद ही महसूस करोगे। योग तुम्हें शारीरिक-मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर हर दिन बेहतर बनने में मदद करता है। योग तुम्हारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## रोचक विज्ञान कथाएं

कई बच्चे विज्ञान को बहुत कठिन विषय मानते हैं, उसके नियम और सिद्धांत उन्हें आसानी से समझ में नहीं आते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। विज्ञान को अगर मजेदार तरीके से पढ़ा और प्रायोगिक तौर पर समझा जाए तो यह तुम्हें सबसे रोचक विषय लगेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक देवेंद्र मेवाड़ी द्वारा लिखी पुस्तक 'सुनो बात विज्ञान की' में संकलित दस कहानियां पढ़कर तुम इस बात को जरूर मानोगे। इस किताब में तुमको विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी बहुत ही रोचक कहानी के जरिए पढ़ने को मिलेगी। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र देवीदा, विज्ञान के बहुत अच्छे जानकार हैं, जो अपने आस-पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां खिलंदड़े अंदाज में देते हैं। ये बच्चे (मानसी, गार्गी, नंदू, चेतन, विक्रम, सौरभ, शेफाली, विवेक आदि) अपने मन की सारी जिज्ञासाएं बेझिझक देवीदा से पूछते हैं, जिन्हें वे व्यावहारिक प्रमाण देकर उन्हें समझाते हैं। इन कहानियों में तुम चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन के बारे में, धूमकेतुओं के बारे में, बिजली के आविष्कार के इतिहास के बारे में, पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में, ऋतु चक्र में वसंत के महत्व के बारे में, जुगनुओं, पक्षियों, आलू की कहानी समेत प्राकृतिक आपदा सुनामी और होली पर नकली रंगों के इस्तेमाल से नुकसान के बारे में पढ़ सकते हो। इन्हें पढ़ने के दौरान तुम्हें जरा भी बोरियत नहीं महसूस होगी और तुम बहुत कुछ नया जान-समझ जाओगे। *




**किताब:** सुनो बात विज्ञान की, **लेखक:** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली



कहानी
संतोष उत्सुक

आभास को अपने दोस्तों की देखा-देखी जंक फूड्स खाने का शौक हो गया। देखते-देखते उसका वजन बढ़ गया, वह मोटा दिखने लगा। मम्मी को चिंता हुई तो उन्होंने आभास को टोका, पापा ने भी उसे समझाया। क्या आभास पर अपने मम्मी-पापा के समझाने का कोई असर हुआ?

# भगाया मोटापा!



आभास के पापा का ट्रांसफर दूसरे शहर में हो गया था। नए शहर में आकर वह बहुत खुश और उत्साहित था। यहां उसके नए दोस्त बने। नए घर में शिफ्ट होने के बाद पापा ने आभास से कहा, 'बेटा, तुम्हें एक बड़े और अच्छे शहर में रहने का फायदा उठाना चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। तुम्हारे नए स्कूल में ये सभी सुविधाएं उपलब्ध भी हैं। तुम इनका फायदा उठाओ।'

आभास का स्कूल जाना शुरू हुआ तो नए सहपाठी मिले, जिनमें से कई उसके मित्र बन गए। आभास के कई सहपाठी तो पड़ोस में ही रहते थे। स्कूल के बाद रोजाना सभी मिलते थे। आभास के कई मित्र, तरह-तरह की चीजें खाने के बहुत शौकीन थे। आपस में पढ़ाई-लिखाई के साथ मनपसंद चीजें खाने की बातें भी होती थीं। उन्हें जंक फूड्स बहुत पसंद थे। स्कूल के आस-पास जंक फूड के कई आउटलेट्स खुले हुए थे। स्कूल टाइम के बाद बच्चे मोमोज, स्प्रिंग रोल, चाऊमिन, पिज्जा, बर्गर और भी कई ऐसी चीजें मजे से खाते थे।

आभास पहले जंक फूड कभी-कभार ही खाता था, क्योंकि जहां वह रहता था, ये चीजें कम ही मिलती थीं। वह तरह-तरह की चीजें खाने का बहुत शौकीन था, इसलिए जब उसे ये चीजें रोज खाने को मिलने लगीं तो उसकी जुबान पर इनका स्वाद चढ़ गया। ज्यादा समय नहीं लगा, इन्हें खाकर उसका वजन बढ़ गया। दो महीने में ही आभास का पेट निकल आया। कुछ दिन बाद कमीज के निचले बटन मुश्किल से बंद होने लगे। कमर पर पैंट कसने लगी। एक दिन मम्मी ने कहा, 'बेटा, मुझे पता है तुमने जंक फूड ज्यादा खाना शुरू कर दिया है। तुम्हारा वजन बढ़ रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। अपनी हेल्थ का ध्यान रखो।'

आभास बोला, 'मम्मी, आपको पता तो है मुझे मोमोज, पास्ता, पिज्जा, बर्गर और चाऊमीन बहुत पसंद हैं। पहले ये चीजें मैं कहां खा पाता था, अब चांस मिला है।'

मम्मी ने समझाया, 'बेटा, तुम पहले कभी-कभी खाते थे तो तुम्हारे शरीर पर ज्यादा असर नहीं होता था। तुम्हारा स्कूल भी घर से दूर था। पैदल भी खूब चलते थे। यहां स्कूल पास है और जंक फूड की दुकानें भी हैं। तुम अपना ध्यान रखो, नहीं तो मोटे होते जाओगे।'

आभास ने मम्मी की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उसका वजन और ज्यादा बढ़ गया। कभी-कभार उसके मन में आता कि आज नहीं खाएगा, लेकिन अपने सहपाठियों के कहने और दुकान से आ रही खुशबू के कारण, वह ललचा जाता फिर जाकर वह खा लेता। जंक फूड खाने से उसे सुस्ती आने लगी। वह सुबह भी देर से उठता।


एक दिन फिर मम्मी ने आभास को चेताया कि वह मोटा होता जा रहा है। वह बोला, 'मम्मी, मैं अपनी हेल्थ का ध्यान दूंगा। मैं योग करके अपना बढ़ा हुआ पेट कम कर लूंगा।' लेकिन कई दिन बीतने पर भी जब आभास ने कुछ नहीं किया तो मम्मी ने चिंता से पापा से बात की।

रविवार को पापा ने आभास को अपने पास बुलाया और समझाया, 'बेटा, जंक फूड खाने से तुम मोटे हो रहे हो। तुम्हारा पेट बाहर निकल गया है। मोटापा एक बार आ जाए तो वापस मुश्किल से जाता है। अगर विद्यार्थी जीवन से ही संतुलित खाना खाया जाए और योग-व्यायाम किया जाए तो शरीर चुस्त रहता है। बेटा, मोटापा कई बीमारियों का कारण है। अच्छे स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं। तुमको अनुशासन में रहकर खाना चाहिए ताकि पसंद का सब कुछ खा सको और वजन भी न बढ़े। बेटा, मुझसे वायदा करो कि नियमित योग करोगे, बढ़ा हुआ वजन एक महीने में कम कर लोगे।'

आभास को अपने पापा की बात, समझ में आ गई। उसने पापा से वायदा किया कि वह जंक फूड खाना बिल्कुल बंद कर देगा। अपना वजन घटाने और पेट अंदर करने के लिए रोजाना योग-व्यायाम करेगा।

सोमवार को स्कूल जाते समय आभास ने जंक फूड की दुकानों की तरफ देखा तक नहीं। उसने पक्का निश्चय कर लिया था कि अब उसे अपना वजन कम करना है। कुछ दिन बाद उसका वजन कम भी होने लगा। वह मन ही मन यह सोचकर खुश होता कि बहुत जल्दी अपने मोटोपे को घटा लेगा, फिट और फुर्तीला नजर आएगा। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## योग करें बन जाएं भीम

पापा बोले, 'योग करो तो,
दूर भागते रोग।
तन-मन की दिक्कतें मिटाए,
काया बने निरोग।'
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य-
इस वर्ष के लिए थीम।
योग करे जो भी दुनिया में,
वह बन जाए भीम।'
मैं बोला, 'प्यारे पापा!
फिर चलो सिखाओ योग।
मैं भी रोज करूंगा,
कर के मुझे दिखाओ योग।'
योग दिवस इक्कीस जून को,
मना रहा संसार।
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य',
की गूंज रही जयकार।
अब पापा के साथ बैठकर,
मैं करता हूं योग।
देखा-देखी योग कर रहे,
घर के सारे लोग।

## जीके क्विज-158

1. हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को आइसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है?
2. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?
3. एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस राज्य में स्थित है?
4. प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. हमारे शरीर के बालों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
7. हल्दी घाटी का युद्ध कब हुआ था?
8. भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे कब मनाया जाता है?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?
10. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?



बच्चों, जीके क्विज-158 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-157 का उत्तर:** 1.शतरंज, 2.कनाडा, 3.एनालेना बैरबॉक, 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.ओडिशा, 6.मेगास्थनीज, 7.ओटावा, 8.विटामिन ए, 9.बैकाल, 10.किडनी

**जीके क्विज-157 का सही उत्तर देने वाले:** आशीष-दुर्ग, सौम्या-रायपुर, सागर-बिलासपुर, हिमांशु-बिलासपुर, गोल्डी-भोपाल, चेतन-रोहतक, कबीर-हिसार, गोदावरी-ईमेल से, चैतन्य-महासमुंद, राजन-बालोद, काव्या-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां योग दिवस से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर पांच मिनट में खोज कर बताने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर :** 1. सबसे आगे बैठकर योग कर रहे लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 2.नीचे बाईं तरफ एक फूल कम दिख रहा है। 3.ऊपर बाईं तरफ आकाश में दो की बजाय चार पंछी उड़ रहे हैं। 4.दाईं तरफ घर के ऊपरी हिस्से में दो वेंटिलेशन विंडो दिख रहे हैं। 5.दाहिनी तरफ घर के थोड़ा ऊपर एक मधुमक्खी दिख रही है। 6.नीचे दाईं तरफ तितली गायब है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ऋषि के दोस्त पार्क में योगाभ्यास कर रहे हैं, उसे इनके पास योगाभ्यास के लिए पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम ऋषि को अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप

### पॉलीथिन का इस्तेमाल करने पर होंगे चालान

**हिसार।** नगर निगम आयुक्त नीरज ने कहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान व सिंगल यूज पॉलीथिन हमारे पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। यह न केवल भूमि और जल को प्रदूषित करता है, बल्कि जीव-जंतुओं के जीवन को भी खतरे में पहुंचता है। निगमायुक्त नीरज ने कहा कि 24 जून से सिंगल यूज पॉलीथिन का इस्तेमाल करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया जाएगा।

### समय पर चालान नहीं भरने वालों पर कार्रवाई

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस हांसी द्वारा गुरुवार को यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में काटे गए चालान को समय अवधि में चालान फाइन जमा नहीं करवाने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत उन वाहन चालकों या मालिकों को चिन्हित किया गया जिन्होंने लंबे समय से अपने वाहन के चालान की अदायगी नहीं की थी।

### व्हाट्सएप पर फर्जी एप भेज 97 लाख की ठगी

**हांसी।** साइबर क्राइम पुलिस ने वॉट्सऐप पर फर्जी एप भेज कर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी पश्चिम दिल्ली के चन्द्र विहार एक्सटेंशन निलोठी के रहने वाले नवीन और मनिंद्र हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने सिसाय बोलान निवासी सुभाष पूरी को अपना शिकार बनाया था।

### जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने नशा मुक्ति केंद्र संचालक और उसके परिवार पर जानलेवा हमला करने के मामले में चौथे आरोपी मंडी आदमपुर निवासी मोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहित ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते नशा मुक्ति केंद्र संचालक सुनील शर्मा की गाड़ी को जानबूझकर टक्कर मारी और परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल किया।

### विनोद हत्याकांड में आठवां आरोपी काबू

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने गांव सीसवाल निवासी विनोद की हत्या के मामले में आठवें आरोपी बीरबल उर्फ धर्मा को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरीश चंद्र ने बताया कि आरोपी बीरबल उर्फ धर्मा, विनोद पर जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाने की वारदात में शामिल था। इस मामले में अब तक कुल आठ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### नवीन मर्डर केस में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने गांव हिंदवान निवासी नवीन की हत्या मामले में एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश के अनुसार, दोनों आरोपी 14 जून की सुबह हुई वारदात में शामिल थे, जिसमें नवीन की हत्या कर दी गई थी तथा उसके परिवारजनों पर भी जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं।

## ग्रामीणों ने अनूठी पहल कर प्रशासन को दिया संतुष्टि पत्र

# प्रेम नगर की तीन साल पुरानी समस्या का करवाया समाधान

समाधान शिविर में एसडीएम ने विश्वकर्मा कॉलोनी में गली निर्माण करवाने तथा गलियों में अवैध रूप से बने चबूतरों को हटाने के दिए निर्देश



हांसी। समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ को संतुष्टि पत्र सौंपते प्रेम नगर के ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

संयुक्त कार्यालय परिसर में गुरुवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को हर समस्या का समाधान त्वरित आधार पर करने के निर्देश दिए।

कई समस्याओं का समाधान मौके पर भी किया गया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम खोथ ने विश्वकर्मा कॉलोनी के निवासियों द्वारा प्रस्तुत की गई गली निर्माण करवाने तथा अवैध रूप से गलियों में बने चबूतरों को हटवाने की समस्या का समाधान करते हुए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तुरंत मौके का मुआयना कर गली का निर्माण शुरू करवाए तथा अवैध रूप से बने चबूतरों को हटाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि गली 20 फीट चौड़ी है, फिर भी लोगों को आवाजाही काफी दिक्कत हो रही है। इसका मुख्य कारण गली में अवैध रूप से बने चबूतरे हैं।

### समस्या का तीन दिन के भीतर हुआ समाधान

गत सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में प्रेम नगर के कुछ ग्रामीणों ने गांव के बीच से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों की समस्या रखी थी। ग्रामीणों ने बताया था कि ओवरलोडिंग वाहनों के चलने पिछले तीन वर्ष से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम के निर्देशानुसार इस समस्या का 3 दिन के भीतर समाधान हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस ठोस त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा की और एक अनूठी पहल करते हुए गुरुवार को शिविर में पहुंच एसडीएम को संतुष्टि पत्र सौंपा।

### सुरक्षा गार्ड को दिलाया लंबित वेतन

शिविर में महजत निवासी धर्मवीर ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि वह हिसार स्थित एक निजी फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते थे। फैक्ट्री मालिक द्वारा बिना किसी वजह के उसकी एक माह की तनख्वाह नहीं दी। एसडीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए फैक्ट्री मालिक से मोबाइल फोन के जरिए बातचीत की और धर्मवीर को लंबित एक माह की सैलरी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। फैक्ट्री मालिक ने एसडीएम से कहा कि सुरक्षा गार्ड को तुरंत सैलरी उपलब्ध करवा दी जाएगी, अगर वह चाहे तो अपनी नौकरी भी पुनः ज्वाइन कर सकता है।

# गांव गढ़ी की टीम ने सीसर को हराया

- नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस ने गढ़ी में करवाई वॉलीबाल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते सोरखी चौकी प्रभारी एएसआई सम्मत सिंह। फोटो: हरिभूमि

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सोरखी पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा गढ़ी गांव में वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में महेंदा, सिसर, खरबला, सोरखी, गढ़ी व अनीपुरा गांव की टीमों ने भाग लिया।

सोरखी पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सम्मत ने बताया कि वॉलीवाल प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। सम्मत कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में गढ़ी गांव की टीम ने सीसर पर 27-26 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों, खिलाड़ियों और युवाओं को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

# धरती माता को नमस्कार करने से दिनचर्या शुरू

- हनुमान मंदिर में आध्यात्मिक शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। हनुमान मंदिर में आयोजित आध्यात्मिक शिविर में उपस्थित बच्चे।

डॉ. सुनीता यादव की देखरेख में चल रहे अध्यात्मिक शिविर में इशु व एकता रेवड़ी के प्रयासों से बच्चे अब हैलो-हाय, गुड मार्निंग या गुड इवनिंग छोडक़र राम-राम बोलने लगे हैं। बच्चों को सिखाया गया कि दिनचर्या की शुरुआत धरती माता को नमस्कार करने से करनी चाहिये। उसके बाद अपने से बड़ों का आदर करने का पाठ पढ़ाया गया। नित्य कर्म से निवृत होकर पूजा-अर्चना करना सिखाया गया। बच्चों को गणेश वंदना सिखाई गई। हनुमान चालीसा के साथ-साथ आरती, देवी-देवताओं से जुड़े भजन, दोहे, रामायण से जुड़े अनेक प्रेरणादायी संस्मरण, रहन-सहन, बोलचाल, खानपान आदि आवश्यक जानकारी दी गई।

### योग दिवस को लेकर आज पायलट रिहर्सल

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने गुरुवार को जिला सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आयोजन में सक्रिय सहयोग देने और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रेरित करें तथा सोशल मीडिया और जनसंपर्क माध्यमों से भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

# संडवा की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

- क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से पुलिस ने चलाया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। क्रिकेट प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ी व पुलिस अधिकारी।

नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाते हुए पुलिस ने चानौत गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला तलवंडी और भिवानी जिले के गांव संडवा सिंघवा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें संडवा की टीम विजयी रही। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में निरंतर नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि अपराध को भी बढ़ावा देती है।

# सभ्य समाज के निर्माण में अध्यापकों की अहम भूमिका

- मंडल आयुक्त हांसी में विभिन्न जिलों के अध्यापकों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। सेमिनार में उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हिसार मंडल आयुक्त अशोक गर्ग। फोटो: हरिभूमि

हिसार मंडल के आयुक्त अशोक गर्ग बृहस्पतिवार को हिसार चुंगी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता सेमिनार में विभिन्न जिलों के अध्यापकों से रूबरू हुए।

सेमिनार में पहुंचने पर एसडीएम राजेश खोथ तथा नारनौंद उपमंडल के एसडीएम विकास यादव ने मंडल आयुक्त अशोक गर्ग का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सेमिनार में विभिन्न जिलों के 147 अध्यापकों ने भाग लिया। अध्यापकों को संबोधित करते हुए मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ने कहा कि सभ्य समाज के निर्माण में अध्यापकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। इस दौरान उन्होंने अध्यापकों से लगभग 3 घंटे संवाद कर समाज को और बेहतर बनाने को लेकर गहनता से मंथन किया। अध्यापकों ने एक से बढ़कर एक शानदार सुझाव रखें। मंडल आयुक्त ने भी प्रस्तुत सुझावों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जो शानदार सुझाव आज सेमिनार में प्रस्तुत किए गए हैं उन्हें लोगों के आचरण में उतारने का प्रयास करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर मंडलायुक्त के ओएसडी जगदीप सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार, प्रधानाचार्य राजेश कुमार, एफ एल एन के जिला समन्वयक मनोज गर्ग, सुनील बिसला तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीईटी ग्रुप सी परीक्षा सुचारू कराने के लिए कमेटी गठित

- परीक्षा की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने वीसी से ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्रुप-सी सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) 2025 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा के लिए सभी जिलों की तैयारियों की समीक्षा की गई। वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने जानकारी दी कि जिला में संभावित रूप से 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 48 हजार परीक्षार्थियों के बैठने की है। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम, डीएसपी व खंड शिक्षा अधिकारी स्तर की कमेटियों का गठन किया गया है, जो सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करेंगी।

# गुजवि के दस विद्यार्थी चयनित

- कुलपति व कुलसचिव ने दी चयनित विद्यार्थियों को बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक और एमबीए कार्यक्रम के दस विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एचआर हेड मोहित सिंह द्वारा एक ऑनलाइन प्री-प्लेसमेंट सत्र का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक और एमबीए कार्यक्रम के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने औपचारिक बताया कि चयनित विद्यार्थियों में बीटेक सीएसई के वंश व निकेता कुमारी, बीटेक सीएसई एआईएमएल के अभिषेक लूथरा, बीटेक ईसीई के स्मृता जैसवाल व ध्रुव अग्रवाल, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के अंशुल व जोनी, एमबीए फाइनेंस के अमन, एमबीए आईबी की संजू रानी तथा एमबीए मार्केटिंग 2025 पासिंग आउट बैच के मोहित शामिल हैं।



### ग्राम पंचायत लाडवा ने योग जागरुकता रैली निकाली

**हिसार।** ग्राम पंचायत लाडवा द्वारा गुरुवार को योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। यह रैली 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। कार्यक्रम प्रदेश सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग और डायरेक्टर जनरल आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच रामफल पूनिया ने की। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से योग को अपने जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर खेल नर्सरी (ग्राम पंचायत लाडवा) की छात्राओं एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुंदर योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया। योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कोच महावीर पूनिया और कोच अशोक पूनिया ने ग्रामीणों को योग के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

## गुजवि के 11 सदस्यीय दल ने 6100 मीटर की ऊंचाई पर पाई सफलता

# शिन कुन ईस्ट पीक पर फहराया गुजवि का ध्वज

- जब होता अनुभव और जुनून का संगम, तब कोई भी शिखर असंभव नहीं रहता : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। दल के सदस्यों को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के 11 सदस्यीय साहसिक दल के वरिष्ठ शिक्षकों एवं अधिकारियों ने 6100 मीटर ऊंची 'शिन कुन ईस्ट पीक' पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करते हुए वहां विश्वविद्यालय का ध्वज फहराया है। यह उपलब्धि हाल ही में संपन्न इस अभियान के समापन पर प्राप्त हुई।

इस ऐतिहासिक सफलता पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दल के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह मिशन हमारे विश्वविद्यालय की सामूहिक चेतना, साहस, संकल्प और पर्यावरणीय जागरूकता का जीवंत प्रतीक है। जब विश्वविद्यालय का ध्वज हिमालय की ऊंचाइयों पर लहराया, वह क्षण सम्पूर्ण गुजविप्रौवि परिवार के लिए प्रेरणा और गौरव का शिखर बन गया। दल के सदस्यों में संयोजक प्रो. संजीव कुमार, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. राजीव कुमार, डॉ. शशि भूषण लूथरा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. एसएस जोशी, डॉ. विमल झा, डॉ. मनोज मेडल, डॉ. सुनील कुमार एवं राजेश पूनिया शामिल रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस दल की औसत आयु 52 वर्ष से अधिक होने के बावजूद, उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, ने सिद्ध कर दिया कि अनुभव और जुनून का जब संगम होता है, तब कोई भी शिखर असंभव नहीं रहता।

### सफल अभियान की जानकारी साझा की

अभियान के संयोजक प्रो. संजीव कुमार ने सफल अभियान की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों के बावजूद, दल ने आपसी सहयोग और धैर्य से यह कठिन चढ़ाई पूरी की। उन्होंने कुलपति व विश्वविद्यालय प्रशासन का विशेष धन्यवाद किया, जिनकी प्रेरणा और समर्थन इस उपलब्धि के मूल में रहा।

# स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी : मुनिश्री

- कपिल जैन भवन में अणुव्रत समिति ने लगाया योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। शिविर में योगाभ्यास करते हुए उपस्थितजन। फोटो: हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अणुव्रत समिति की ओर से बालसमंद रोड स्थित कपिल जैन भवन में योग शिविर का आयोजन किया गया। अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री रंजीत कुमार के सानिध्य में यह योग शिविर आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नमोकार मंत्र से हुआ जबकि अणुव्रत गीत विनोद जैन ने प्रस्तुत किया। मुनि कौशल कुमार ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास करवाया तथा योग की विभिन्न विधियों के साथ-साथ उन्होंने ध्यान साधना आदि के बारे में भी बताया। आज के भागदौड़ के जीवन में योग स्वस्थ रहने का सर्वोत्तम उपाय है। योग के अनेक प्राणायाम व आसन हमें निरोगी तथा शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ रखने में सक्षम हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, मंत्री दर्शन लाल के अलावा सभा प्रधान प्रमोद जैन, डॉ. सतेंद्र यादव, डॉ. रामकुमार सैनी, कपिल जैन, विनोद जैन, सुनील मित्तल, राजकुमार सोनी, गौरव जैन, जयभगवान लाडवाल, प्रेम सिंह, जगदीश गर्ग, सुरेश कुमार, सुरेश जांगड़ा, इंद्रेश पांडे, नितिन कुमार, सोनू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पृथ्वीराज चौहान किले पर मनाएंगे योग दिवस

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि 21 जून को होने वाले उपमंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए स्थल का बदलाव किया गया है। अब इस कार्यक्रम का आयोजन एसडी महिला महाविद्यालय की बजाए पृथ्वीराज चौहान किला परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि होंगे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा राज्य पुरस्कार

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा नशा मुक्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और नशा मुक्ति केंद्रों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अब 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 10 जून थी, जिसे बढ़ा दिया गया था। यह जानकारी देते हुए नगराधीश हरिराम ने बताया कि यह पुरस्कार विभिन्न 9 श्रेणियों में दिए जाएंगे। इनमें सर्वश्रेष्ठ नशा मुक्ति केंद्र, शराब और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम हेतु कार्यरत संस्थाएं और नशामुक्ति में सामाजिक भागीदारी निभाने वाले व्यक्ति आदि शामिल हैं।

### भाविप के तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**उकलाना।** भारत विकास परिषद शाखा उकलाना द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद पार्क में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवा मंच के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग द्वारा किया गया। योग शिविर में शुगर बीपी व मोटापे से संबंधित योग करवाई गई। काफी संख्या में पहुंचे साधकों ने अपनी योग क्रियाएं की। इस मौके पर सचिव सुनील गर्ग, प्रोजेक्ट चेयरमैन निहाल सिंह बरड़, पवन गोयल, संजय गुप्ता, महेंद्र दहमनिया, अशोक गर्ग, योगेश गर्ग, कृष्ण चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जिला रग्बी चैम्पियनशिप खरड़ में आज

**हिसार।** हिसार रग्बी संगठन के तत्वावधान में लड़के एवं लड़कियों की अंडर-18 (18 वर्ष आयु वर्ग) जिला स्तरीय रग्बी चैम्पियनशिप का आयोजन 21 जून को निकटवर्ती गांव खरड़ में किया जाएगा। संगठन के सचिव राजू कनोह, कोषाध्यक्ष नीरज वर्मा, आयोजन सचिव मास्टर महेश ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिसार जिले के लगभग 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर 24 जून को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हिसार टीम का चयन किया जाएगा।

### नगर निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के निर्देशानुसार शहर से अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। वीरवार को तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में तालाकी गेट से ऋषि नगर रोड से अतिक्रमण हटाने की शुरूआत की गई। इसके बाद टीम ने जिदंल चौक से लेकर आईटीआई चौक तक अतिक्रमण हटवाया। इसके अलावा टीम ने राजगढ़ रोड और साउथ बाइपास से भी अतिक्रमण हटाया। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ जेई राजकुमार मौजूद रहे।

### हड़ताल को लेकर सकसं ने की बैठक

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा के ब्लॉक हिसार की बैठक ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल की अध्यक्षता में स्थानीय संघ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। बैठक में संघ के जिला वित्त सचिव पवन कुमार विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। ब्लॉक के सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारी 4 जुलाई को सभी विभागों के कर्मचारी शहर में मोटरसाइकिल जत्था निकालेंगे।

---

### मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कर्मचारियों ने की नारेबाजी

# रोडवेज की बसें नहीं चलने से पूरा दिन यात्री परेशान, शाम को हड़ताल खत्म

**फतेहाबाद में डीसी से बैठक के बाद मिला आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों द्वारा अग्रोहा के पास परिचालक के साथ हुई मारपीट के विरोध में किए गए चक्का जाम का मिला-जुला असर रहा। रोडवेज के चक्का जाम के चलते पूरा दिन यात्रियों को इधर, उधर जाने में परेशानी हुई, हालांकि देर शाम हड़ताल को खत्म कर दिया गया। लेकिन पूरा दिन यात्री धक्के खाते रहे। दिन में निजी सोसायटी बसें व निजी परमिट वाली बसें चली जिससे यात्रियों को कुछ राहत मिली। रोडवेज की केवल वे ही बसें चलीं जो लंबी दूरी से व दूसरे डिपुओं से आनी थी और यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया था। हालांकि किलोमीटर स्कीम वाली बसों को चलाने का प्रयास किया गया लेकिन परिचालकों के अभाव में ये बसें नहीं चलाई जा सकी। चूंकि चक्का जाम केवल हिसार, फतेहाबाद व सिरसा डिपो में ही थी, इसलिए अन्य डिपुओं से आने वाली बसों का संचालन जारी रहा, जिसके चलते ज्यादा मारामारी की स्थिति नहीं रही।



**हिसार।** चक्का जाम करके बस अड्डे पर धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी।




**हिसार।** चक्का जाम करके बस अड्डे पर धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारी।

#### परिचालक से हुई थी मारपीट

रोडवेज परिचालक कृष्ण कुमार के साथ तीन दिन पूर्व अग्रोहा के पास हुई मारपीट के विरोध में गुरुवार को रोडवेज कर्मचारियों ने चक्का जाम किया था। बुधवार को दो घंटे का प्रदर्शन करके सांझा मोर्चा नेताओं ने चेताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर इस चक्का जाम की चेतावनी दी थी।

#### बसें बंद होने से इधर-उधर दौड़े यात्री

सुबह रोडवेज का चक्का जाम होने की सूचना पाकर अपने गंतव्य को जाने वाले यात्रियों को परेशानी हुई। रोडवेज चक्का जाम के चलते सुबह जल्दी लंबी दूरी को जाने वाले यात्रियों को परेशानी हुई वहीं दिन में ग्रामीण क्षेत्रों की बसें बंद होने से जनता परेशान रही।

#### सोसायटी व निजी परमिट वाली बसें चलीं

चक्का जाम के दौरान विभिन्न रूटों को चलने वाली सोसायटी बसें व निजी परमिट वाली बसें खूब चली। इन बसों ने रोडवेज चक्का जाम का फायदा उठाया और अपने फेरे भी बढ़ाए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने भी इन्हें फेरे बढ़ाने से नहीं रोका ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

#### रोडवेज परिसर में खड़ी रही बसें

रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर हुए चक्का जाम के चलते लगभग सभी बसें रोडवेज परिसर व कर्मशाला में खड़ी रही। बस अड्डे पर केवल हिसार, फतेहाबाद व सिरसा डिपो के अलावा दूसरे डिपुओं से आने वाली बसें ही दिखाई दे रही थी क्योंकि चक्का जाम इन्ही तीन डिपुओं में था।

### रोडवेज कर्मचारियों से मारपीट के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने रोडवेज कर्मचारियों से मारपीट कर ड्यूटी में बाधा डालने के मामले में तीसरे आरोपी नंगथला निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रोडवेज कर्मचारियों के साथ मारपीट कर ड्यूटी में बाधा डालने की वारदात में शामिल था। थाना प्रभारी निरीक्षक रिसाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में रोडवेज बस के परिचालक पाबड़ा निवासी कृष्ण कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह 16 जून को हरिद्वार से फतेहाबाद आ रही बस में ड्यूटी पर था। शाम लगभग सात बजे बस हिसार बस स्टेंड पहुंची। बस में सवार एक युवक और दो युवतियों ने ढंढूर पुल के नीचे उतरने को लेकर विवाद किया। जब परिचालक ने टिकट मांगा तो युवक ने मना कर दिया और दुर्व्यवहार किया। बहस के बाद युवकों को ढंढूर पुल के नीचे उतार दिया गया, लेकिन थोड़ी देर बाद उनमें से एक युवती ने फोन कर अग्रोहा मोड़ पर 15–20 अन्य युवकों को बुला लिया। जैसे ही बस अग्रोहा मोड़ पहुंची, उक्त युवक बस में चढ़े और परिचालक से मारपीट करने लगे। इस दौरान परिचालक का पैसे व टिकट से भरा बैग गिर गया, वर्दी फाड़ दी गई और बस के शीशे तोड़ दिए गए। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत पर केस दर्ज किया गया था।

---

# योग आध्यात्मिक परंपरा का अमूल्य उपहार : गर्ग



**हिसार।** जिंदल पार्क में चल रहे योग शिविर में उपस्थित अतिथिगण, पदाधिकारी व कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

- जिंदल पार्क के विशाल योग शिविर में उमड़े साधक, 21 जून को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस
- योग शिविर में मंडलायुक्त अशोक गर्ग ने योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऑटो मार्केट के पास स्थित जिंदल पार्क में चल रहे पांच दिवसीय योग शिविर में साधकों के उमड़ने का सिलसिला जारी है। वीरवार को प्रातः 5.15 बजे से प्रातः 6.30 बजे तक चले शिविर में 370 साधकों ने हिस्सा लिया और आसन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। भारत विकास परिषद की केशव शाखा एवं हिसार ब्रांच ऑफ एनआईआरसी द्वारा आयोजित किए जा रहे इस शिविर में तृतीय दिवस मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ने स्वामी विवेकानंद व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत ढंग से शुभारंभ किया। योग शिविर में पार्षद प्रतिनिधि टीनू जैन, आयकर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर रमेश गर्ग, रिलेशनशिप साइकोलॉजिस्ट व फैमिली काउंसलर डॉ. सुमन बेहमानी, जिला आयुष विभाग पूजा स्वामी, चार्टर्ड एकाउंटेंटस एसोसिएशन से सीए आशा जैन, सीए कीर्ति गोयल, सुरेंद्र लाहौरिया, मुकेश बंसल शाखा अध्यक्ष, दीपक गौतम शाखा सचिव व मुकुल मित्तल शाखा वित्त सचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अशोक गर्ग ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा का अमूल्य उपहार है। यह शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक सामंजस्य का साधन है। इस अवसर पर शाखा गतिविधि संयोजक (संपर्क) व सह प्रकल्प प्रमुख योग शिक्षक परीक्षित आर्य व उनके सहयोगी वालंटियर विजेंद्र ने योग साधकों को योग, ध्यान, आसन व योगिक नृत्य का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर 370 योग साधक उपस्थित रहे।

---

# शहर में पुलिस ने की गश्त, लिया कानून व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

बास थाना प्रबन्धक इंस्पेक्टर मन्दीप, थाना प्रबन्धक नारनौंद सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह व चौकी प्रभारी मिर्चपुर सब इंस्पेक्टर धोलु राम ने चौकी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेने के लिए पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई। गश्त के दौरान थाना प्रभारियों के साथ स्थानीय व्यक्ति व पुलिस के जवान भी उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्र के मुख्य बाज़ार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से सीधा संवाद किया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके सुझाव भी आमंत्रित किए।

उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।



**नारनौंद।** नारनौंद थाना प्रभारी बलवान सिंह पैदल गश्त करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**हांसी।** शहर में पैदल गश्त करते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स।

### पुलिस ने हांसी में की पैदल गश्त

**हांसी।** शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद एवं बस स्टैण्ड चौकी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर खेता राम ने गुरुवार अपने क्षेत्र में तोशाम चुंगी से लेकर बड़सी गेट तक पैदल गश्त की। गश्त के दौरान शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण किया और आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने नागरिकों से शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस सदैव उनके साथ खड़ी है। गश्त का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना तथा बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था और कानून व्यवस्था को मजबूत करना रहा। इस दौरान दुकानदारों और राहगीरों से बातचीत कर उन्हें पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों और नशा मुक्ति अभियान जैसी पहलों की जानकारी भी दी गई। हांसी पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

---

# यात्रा और मैराथन के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला प्रशासन, आयुष विभाग एवं खेल विभाग हिसार के संयुक्त तत्वावधान में योग मैराथन एवं योग जागरण यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। एसडीएम ज्योति मित्तल ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योग मैराथन में युवा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, कोचों, आयुष विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, जागरण टीम सहित लगभग 600 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने संबोधन में एसडीएम ज्योति मित्तल ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नियमित योग एवं व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया।
आयुष विभाग के जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ बलराज गोयत ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल कर स्वस्थ शरीर का लाभ उठाएं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी नरेश सैनी, आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. बलराज, संयोजक लक्ष्मण श्योराण, प्रमोद मोर, कुलदीप सिंह, जोगेंद्र, जितेंद्र, सुनीता, रिंकू उपस्थित रहे।




**हिसार।** योग मैराथन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती एसडीएम ज्योति मित्तल।

---

# हिसार से अमरनाथ भंडारे के लिए राशन सामग्री से भरे तीन ट्रक रवाना किए

- श्री शिव सेवा युवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट ने की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री शिव सेवा युवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट, सैनियान मौहल्ला के तत्वाधान में अग्रसेन भवन से राशन सामग्री से भरे तीन ट्रकों को अमरनाथ भंडारे के लिये रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में ट्रस्ट के संरक्षक व समाजसेवी सुरेश चंद्र जैन सिसाये वाले ने पूजा-अर्चना करवाकर तथा झंडी दिखाकर ट्रकों को रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम प्रेमी कमल पुरोहित ने की। विशिष्ट अतिथि अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी खारियावाला रहे। सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

ट्रस्ट के प्रधान विजय सैनी ने बताया कि बालटाल में 3 से 9 अगस्त तक लगाए जाने वाले भंडारे में सेवादार भी रवाना हुए। इस अवसर पर दीपक गर्ग, एनके गोयल, बंटी गोयल, जगदीश तायल, सत्यपाल अग्रवाल, दुनीचंद अग्रवाल और सुशील मौजूद रहे।



**हिसार।** अमरनाथ के लिए ट्रकों को रवाना करते समाजसेवी सुरेश चंद्र जैन सिसाये वाले । *फोटो :हरिभूमि*

### बच्चे हेलो-हाय छोड़कर बोल रहे राम-राम

**हिसार।** समर कैंपों में सिखाये जाने वाले विभिन्न तरह के हुनर से अलग हटकर नगर में पहली बार जवाहर नगर स्थित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर में ग्रीष्म अवकाश के अवसर पर पूरी तरह अध्यात्म पर आधारित अध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया है। अब यहां बच्चे बच्चे हैलो-हाय छोड़कर बोल रहे राम-राम बाले रहे हैं। मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी ने बताया कि शिक्षाविद एचके शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया था। शुरू में बच्चों की संख्या कम थी लेकिन सप्ताह भर में संख्या 74 तक पहुंच गई। बच्चे दादी-नानी के जाने की बजाये पूरे उत्साह से शिविर में भाग लेकर नित नया सीख रहे हैं। डॉ. रॉबिन मदान ने स्वास्थ्य से जुड़ी बातें बताई।

---

# भाजपा कार्यालय में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

- मोदी सरकार की सेवा और सुशासन के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा हिसार के अर्बन मंडल की ओर जिला कार्यालय में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राहुल सैनी ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर विधानसभा संयोजक हिसार रामचंद्र गुप्ता एवं सहकारिता प्रकोष्ठ हरियाणा प्रदेश सह संयोजक पीयूष मेहता मौजूद थे। मंडल स्तरीय इस सभा में केंद्र की मोदी सरकार की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं एवं उपलब्धियां पर अपने वक्तव्य पेश किए। इस सभा में मंडल महामंत्री देशबंधु कौशिक एवं सुनील कुमार, मनदीप मलिक, कैप्टन नरेंद्र शर्मा, पार्षद डॉ. सुमन यादव, संजय डालमिया, पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी, वीरेंद्र सोनी, श्वेता सिंघल, सुनील गुप्ता, राधा कृष्ण आहूजा, सुरेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सभा में बढ़ चढकर भागीदारी दर्ज कराई।




**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता। *फोटो :हरिभूमि*

---



**हिसार।** योग जागरूकता रैली के दौरान ग्राम लाडवा के ग्रामीण, कोच व युवा खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

### गांव लाड़वा ने योग जागरूकता रैली निकाली

**हिसार।** ग्राम पंचायत लाडवा द्वारा गुरुवार को योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। यह रैली 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। कार्यक्रम प्रदेश सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग और डायरेक्टर जनरल आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच रामफल पूनिया ने की। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से योग को अपने जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर खेल नर्सरी (ग्राम पंचायत लाडवा) की छात्राओं एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुंदर योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया। योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कोच महावीर पूनिया और कोच अशोक पूनिया ने ग्रामीणों को योग के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

---

### फैक्ट्री में नकली घी बनाने वाले पिता-पुत्र पर मामला दर्ज

# नकली घी फैक्ट्री से लिए 17 सैंपल, फैक्ट्री को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा संयुक्त जांच के दौरान बुधवार को नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भांडाफोड़ किए जाने के बाद शहर थाना पुलिस द्वारा सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुनैना रानी की शिकायत पर खातियान मोहल्ला निवासी सुरेंद्र सचदेव व उसके पुत्र अमित सचदेवा पर मामला दर्ज किया गया है। फैक्ट्री के कमरे में मिले विभिन्न कंपनियों की पैकिंग के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल द्वारा विभिन्न ब्रांड की एक-एक लीटर की पैकिंग के 17 सैंपल लेकर जांच के लिए पंचकूला लैब भेजे गए और दोनों कमरों में मिले हजारों लीटर घी व अन्य सामान सहित सील कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

पुलिस को गई शिकायत में सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुनैना ने बताया कि वह हिसार खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी डॉ. पवन चहल के साथ जाट धर्मशाला पर मौजूद थी कि इसी दौरान उन्हें सूचना मिली थी नगर परिषद हांसी के पीछे वाली गली में सुरेन्द्र सचदेवा व उसका लड़का अमित सचदेवा अपने मकान के साथ लगते एक कमरे विभिन्न मार्को के नकली घी तैयार करके असली घी बता कर बेच रहे हैं। अगर तुरंत रेड की जाए तो नकली घी सहित मौके पर काबू आ सकते है। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन चहल व पुलिस कर्मियों के साथ जब वह मौके पर पहुंची तो सुरेन्द्र सचदेवा नाम का व्यक्ति बैठा था। सुरेन्द्र सचदेवा से पुछताछ के दौरान मौका पाकर उसका लड़का अमित सचदेवा कमरे के दूसरे गेट से निकल वहां से फरार हो गया। एसआई सुनैना ने बताया कि जब उन्होंने कमरे के अन्दर के जाकर देखा तो वहां विभिन्न कंपनियों के मार्को के घी के टीन व टैट्रा पैकिंग मौजूद थे। सुनैना ने बताया कि डॉ पवन चहल ने जब कमरे मौजूद घी व खाली टीन व टैट्रा पैकिंग के बारे में पूछा तो सुरेन्द्र जवाब नहीं दे पाया। लेकिन सख्ती से पूछताछ पर उसने बताया कि यहां पर उनके द्वारा नकली घी बनाया जाता है।

